भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

6वीं मंजिल, टॉवर-एफ, एनबीसीसी वर्ल्ड ट्रेड सेंटर,
नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029।

सत्यमेव जयते

भादूविप्रा
TRAI

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) इंदौर (मध्य प्रदेश) में **"नवाचार और उपभोक्ता संरक्षण में संतुलन: आधुनिक दूरसंचार परिदृश्य में अनचाहे वाणिज्यिक संचार और स्पैम कॉल की दोहरी चुनौती"** विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन कर रहा है, जिसका उद्देश्य विचार-विमर्श, चर्चा और विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान करना है। इस संगोष्ठी में स्पैम कॉल के प्रभाव, ट्राई द्वारा नियमन, शासकीय पहल, स्पैम कॉल का पता लगाने और रोकने में एआई की भूमिका, स्पैम का अर्थशास्त्र, स्पैम संचार भेजने के कानूनी परिणाम और सेवा प्रदाताओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले तकनीकी समाधान आदि, जैसे चर्चा के प्रमुख मुद्दों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। संगोष्ठी में आईआईएम, आईआईटी, बैंक, विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों, छात्रों और शिक्षकों, केंद्र और राज्य सरकारों और सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारी, वित्तीय संस्थानों, निजी क्षेत्रों, दूरसंचार और इंटरनेट सेवा प्रदाताओं, उद्योग और विभिन्न उपभोक्ता समूहों के प्रतिनिधि आदि के प्रख्यात विशेषज्ञ भाग लेंगे। सेमिनार का स्थान, दिनांक, समय, संपर्क व्यक्ति आदि की जानकारी निम्नवत है:

कार्यालय	दिनांक एवं समय	कार्यक्रम स्थल	संपर्क व्यक्ति
ट्राई क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल	**24 मार्च 2025 (सोमवार) 9:30 बजे से 17:30 बजे तक**	**होटल फेयरफील्ड बाय मैरियट इंदौर प्लॉट नंबर 18/सी, सीए स्कीम 94, रिंग रोड, इंदौर - 452010, (एम.पी.)**	**श्री आलोक श्रीवास्तव** **वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी** **टेलीफोन.** (0755-2931793) **ईमेल**: sro2.bhopal@trai.gov.in